**राजस्थान सरकार**

## आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय

### राजस्थान का थोक मूल्य सूचकांक माह अप्रैल, 2026 पर आधारित प्रेस विज्ञप्ति

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय थोक मूल्य सूचकांक आधार वर्ष **1999-2000** पर प्रतिमाह जारी किया जाता है। राज्य का माह अप्रैल, **2026** का सामान्य (सभी वस्तुओं का) थोक मूल्य सूचकांक **411.82** (प्रावधानिक) अंक रहा। सूचकांक में गत माह मार्च, **2026** के सूचकांक **408.24** की तुलना में **0.88** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। राज्य के सामान्य थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति माह अप्रैल, **2026** में **3.54** प्रतिशत (अप्रैल **2026** की तुलना में अप्रैल, **2025** में) रही है। माह अप्रैल, **2026** में प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक **460.88**, ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह सूचकांक **586.67** तथा विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक **321.45** अंक रहा है। राज्य के थोक मूल्य सूचकांक के अंतर्गत **1.** प्राथमिक वस्तु समूह, **2.** ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह एवं **3.** विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक में परिवर्तन/विचलन की स्थिति निम्नानुसार है-

1. **प्राथमिक वस्तु समूह** (**भार** 33.894%): माह अप्रैल, **2026** में प्राथमिक वस्तु समूह का सूचकांक **460.88** रहा जिसमें गत माह के सूचकांक से **1.67** प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। प्राथमिक वस्तु समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत कृषि उप समूह सूचकांक में **1.96** प्रतिशत की वृद्धि जबकि खनिज उप समूह में **(-)0.09** प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। कृषि मद समूह के खाद्य पदार्थ उप समूह सूचकांक में **1.20** प्रतिशत एवं अखाद्य पदार्थ उप समूह में **3.43** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आलोच्य माह के प्राथमिक वस्तु समूह में कृषि मद समूह के सूचकांक के अन्तर्गत दालों में **0.74** प्रतिशत, फलों में **4.95** प्रतिशत, सब्जियों में **6.66** प्रतिशत, मसालों में **9.06**, रेशों में **1.18** प्रतिशत, तिलहन में **4.26** प्रतिशत एवं अन्य अखाद्य समूह में **1.18** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जबकि खनिज उप समूह सूचकांक के अंतर्गत आलोच्य माह में **(-)0.09** प्रतिशत की कमी दर्ज हुई जिसमें मुख्यतः चूना पत्थर में **(-)1.59** प्रतिशत, फोस्फेराईट में **(-)0.92** प्रतिशत, चाँदी में **(-)3.26** प्रतिशत एवं ईंटों में **(-)10.21** प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक में वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (अप्रैल, **2026** की तुलना अप्रैल, **2025** में) **3.66** प्रतिशत दर्ज की गई है।
2. **ईंधन**, **शक्ति**, **प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह** (**भार** 16.253%): माह अप्रैल, **2026** के दौरान ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह का सूचकांक **586.67** रहा, जो गत माह में **586.36** था जिसमें गत माह की तुलना में **0.05** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस उप समूह में **0.09** प्रतिशत की वृद्धि होना रहा। ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह के सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति दर (अप्रैल, **2026** की तुलना अप्रैल, **2025** में) **3.15** प्रतिशत दर्ज की गई।
3. **विनिर्मित उत्पाद समूह** (**भार** 49.853%): अप्रैल, **2026** के दौरान इस समूह का सूचकांक **321.45** अंक रहा, जो गत माह में **319.53** की तुलना में **0.60** प्रतिशत की वृद्धि पाई गई। विनिर्मित उत्पाद समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत खाद्य उप समूह में **0.08** प्रतिशत, कताई, केमिकल उप समूह में **0.48** प्रतिशत, गैर धात्विक एवं खनिज उत्पाद उप समूह में **0.13** प्रतिशत, बुनियादी कीमती एवं अलौह धातुओं उप समूह **3.25** प्रतिशत, सामान्य प्रयोजन मशीनरी उप समूह में **3.65** प्रतिशत एवं मोटर वाहन उत्पाद उप समूह में **0.17** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (अप्रैल, **2026** की तुलना अप्रैल, **2025** में) **3.66** प्रतिशत दर्ज की गई।

**थोक मूल्य सूचकांक अप्रैल, 2026 (आधार वर्ष** 1999-2000=100)

| क्र.सं. | समूह / उप समूह | समूहवार भारांकन | राजस्थान का थोक भाव सूचकांक | | | प्रतिशत विचलन अप्रैल, 2026 में | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अप्रैल*, 2026 | मार्च, 2026 | अप्रैल, 2025 | मार्च, 2026 | अप्रैल, 2025 |
| **I1.** | प्राथमिक वस्तु समूह | **33.894** | **460.88** | **453.29** | **444.60** | **1.67** | **3.66** |
| (अ) | कृषि वस्तुओं के उप समूह | **29.933** | **449.42** | **440.77** | **438.19** | **1.96** | **2.56** |
| (ब) | खनिज उप समूह | **3.961** | **547.44** | **547.92** | **493.00** | **-0.09** | **11.04** |
| **II2.** | ईंधन शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह | **16.253** | **586.67** | **586.36** | **568.76** | **0.05** | **3.15** |
| **III3.** | विनिर्मित उत्पाद समूह | **49.853** | **321.45** | **319.53** | **310.11** | **0.60** | **3.66** |
| | सामान्य सूचकांक | **100.00** | **411.82** | **408.24** | **397.73** | **0.88** | **3.54** |

*प्रावधानिक

Signature Not Verified

Digitally Signed by Vinesh Singhvi
Designation : Director and Joint Secretary
Date :21-05-2026 07:39:06

RajKaj Ref No.: 22371119